Most Urgent

# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

**क्रमांकःएफ-3/5/एलबीएस/शै०/2024-25/** **दिनांकः** 16/04/2025

**विषयः शैक्षणिक सत्र २०२४-२५ हेतु छात्र परिषद् गठित करने के सम्बन्ध में।**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम एवं शैक्षणिक नियम परिचायिका 2024-25 में प्रदत्त नियमों के अनुसार वर्ष 2024-25 के लिए छात्र परिषद् के गठन हेतु समिति का गठन किया गया है। पूर्व में आयोजित समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार छात्र परिषद् की संरचना जिसका विवरण निम्न प्रकार से है-

1. छात्र कल्याण पीठ प्रमुख, जो छात्र परिषद् का अध्यक्ष होगा।
2. 20 छात्र विद्या परिषद् द्वारा मनोनीत किए जाएंगे, जो अध्ययन, खेलकूद, पाठ्येतर गतिविधियों और व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में योग्यता के आधार पर नामित किए जाएंगे।
3. छात्रों द्वारा अपने प्रतिनिधि के रूप में 20 छात्रों का चयन किया जायेगा।

क्रम संख्या 02 एवं 03 के सम्बन्ध में वांछित विवरण सम्बन्धित विभागों से प्राप्त हो चुका है। छात्र परिषद् के सदस्यों को मनोनीत कर परिषद् का गठन करने हेतु सम्बन्धित समिति की दिनांक 17.04.2025 को मध्यान् 12.00 बजे समिति कक्ष 03 (शैक्षणिक सदन) में बैठक आयोजित की जा रही है। समिति के निम्नलिखित सदस्यों से सादर अनुरोध है कि यथासमय बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी, पीठ प्रमुख (वेद-वेदांग) एवं निदेशक, IQAC | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. भागीरथि नन्द, पीठ प्रमुख (शैक्षणिक) | सदस्य |
| 3. | प्रो. ए.एस.आरावमुदन, पीठ प्रमुख (दर्शनशास्त्र) | सदस्य |
| 4. | प्रो. मीनू कश्यप, पीठ प्रमुख (आधुनिक विद्या) | सदस्य |
| 5. | प्रो. कल्पना जैन, पीठ प्रमुख (साहित्य एवं संस्कृति) | सदस्य |
| 6. | प्रो. रचना वर्मा मोहन, पीठ प्रमुख (शिक्षाशास्त्र) | सदस्य |
| 7. | प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल, पीठ प्रमुख (पुराणविद्या) | सदस्य |
| 8. | प्रो. शिवशंकर मिश्र, पीठ प्रमुख (छात्रकल्याण) | सदस्य |
| 9. | श्री सुच्चा सिंह, सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) | सदस्य/संयोजक |

यह सूचना सक्षम अधिकारी के आदेशानुसार जारी की जा रही है।

/

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु प्रस्तुत।**

1. समस्त पीठ प्रमुख
2. निदेशक, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं कुलानुशासक
3. सहायक अभियन्ता को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त तिथि पर सम्बन्धित कक्ष को खुलवाने का कष्ट करें।
4. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट क़रेंगे।
5. कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सचिव
6. सहायक पीठ प्रमुख, छात्रकल्याण
7. सम्बन्धित पत्रावली

सहायक कलसचिव (शैक्षणिक)

कृपया वेबसाइट पर अपलोड करें।
श्री सचिन
17/04/25